# रिमझिम फुहारो सा आनँद होगा गुरुदेव भजन लिरिक्स

रिमझिम फुहारो सा आनँद होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा,
नाम निरँतर घट मे तेरे,
जिसदिन जापन होगा,
रिमझिम फुहारो सा आनंद होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा।bd।

तर्ज – झिलमिल सितारोँ का।

---

प्रेम की बाती से अपना,
दीप तू जलाय ले,
प्यारे सतगुरु की छवि,
मन मे बसाय ले,
ज्योति से घर तेरा,
रोशन होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा।bd।

---

बैठ सुबहो शाम नित,
ध्यान को तू करना,
सीख ले गुरू से अपने,
जीना और मरना,
जग मे कभी फिर ना,
आवन होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा।bd।

---

मुट्ठी बाँध के आया जग मे,
खाली हाथ न जाना,
जो तू लेकर आया उसको,
दुगना कर ले जाना,
तरने का भव से वो,
साधन होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा।bd।

---

रिमझिम फुहारो सा आनँद होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

नाम निरँतर घट मे तेरे,
जिसदिन जापन होगा,
रिमझिम फुहारो सा आनंद होगा,
जिस दिन तेरा मन पावन होगा।**bd।**

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923
**/7987402880**

वीडियो अभी उपलब्ध नहीं।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com